कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा–माध्य / मा–द / वॉक–इन–इन्टरव्यू / 2019–20/41 दिनांकः 08/11/2021

नवस्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) एवं राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में विभिन्न पदों पर पदस्थापन हेतु आयोज्य वाक् इन इन्टरव्यू हेतु विज्ञप्ति :–

राज्य सरकार के आदेश क्रमांकः प.04(15)शिक्षा–1 / 2021 पार्ट जयपुर दिनांक 13.09.2021 के क्रम में नवस्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) एवं अन्य राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के विभिन्न पदों तथा पूर्व में रूपान्तरित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) में रिक्त प्रधानाचार्य के पदों पर पदस्थापन हेतु माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा के अधीन कार्यरत कार्मिकों हेतु निम्नांकित विवरणानुसार वाक् इन इन्टरव्यू आयोजित किये जाएंगे। समस्त पदों के आवेदको हेतु वाक् इन इन्टरव्यू का कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगाः–

क्र. सं.	पद	वाक् इन इन्टरव्यू की तिथि	साक्षात्कार हेतु स्थान	पदों की संख्या	विशेष विवरण
1.	प्रधानाचार्य	दिनांकः 10.11.2021, 11.11.2021 तथा 17.11.2021 व 18.11.2021 तक	माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर	प्रत्येक विद्यालय हेतु एक पद	विभाग में कार्यरत प्रधानाचार्य उमावि समकक्ष अधिकारी, जो कुशल नेतृत्व कर्त्ता के साथ–साथ अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष हो, को प्राथमिकता दी जायेगी।
2.	वरिष्ठ अध्यापक	दिनांकः 10.11.2021, 11.11.2021 तथा 17.11.2021 से 22.11.2021 के मध्य	संभागवार संबंधित संभागीय संयुक्त निदेशक कार्यालय अथवा उनके द्वारा निर्दिष्ट स्थान	प्रत्येक विद्यालय में कुल छः पद (प्रति विषय एक पदः– अंग्रेजी,गणित, विज्ञान,हिन्दी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान)	विभाग में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक (सभी विषयों हेतु अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष व.अ. को प्राथमिकता दी जायेगी।)
3.	वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक			प्रत्येक विद्यालय में एक पद	विभाग में कार्यरत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक (अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष कार्मिक को प्राथमिकता दी जायेगी।)
4.	वरिष्ठ सहायक			प्रत्येक विद्यालय में एक पद	
5.	अध्यापक लेवल–2	दिनांकः 10.11.2021, 11.11.2021 तथा 17.11.2021 से 22.11.2021 के मध्य	जिलावार संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अथवा उनके द्वारा निर्दिष्ट स्थान	प्रत्येक विद्यालय में दो पद (विषयवार अंग्रजी एवं गणित)	अध्यापक लेवल–2 (सभी विषयों के अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष कार्मिक को प्राथमिकता दी जायेगी।)
6.	अध्यापक लेवल–1			प्रत्येक विद्यालय में पांच पद (विषयवार यथा सम्भव अंग्रेजी–2, गणित, पर्यावरण एवं हिन्दी)	अध्यापक लेवल–1 (सभी विषयों के अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष कार्मिक को प्राथमिकता दी जायेगी।
7.	पुस्तकालयाध्यक्ष (ग्रेड–3)			प्रत्येक विद्यालय में एक पद	विभाग में कार्यरत पुस्तकालयाध्यक्ष (ग्रेड–3) (अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष कार्मिक को प्राथमिकता दी जायेगी)
8.	प्रयोगशाला सहायक (ग्रेड–3)			प्रत्येक विद्यालय में एक पद	विभाग में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक (अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष कार्मिक` को प्राथमिकता दी जायेगी)
9.	अध्यापक (कम्प्युटर शिक्षण हेतु)			प्रत्येक विद्यालय में एक पद	विभाग में कार्यरत अध्यापक (लेवल–1 / लेवल–2), जो RSCIT/PGDCA/BCA/MCA /B Tech

Rajsthan Education Department
सत्यमेव जयते

					(CS/IT) अथवा उच्चतर योग्यताधारी हो। (अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष कार्मिक को प्राथमिकता दी जायेगी)
10	कनिष्ठ सहायक			प्रत्येक विद्यालय में एक पद	कनिष्ठ सहायक कम कम्प्यूटर ऑपरेटर
11	सहायक कर्मचारी			प्रत्येक विद्यालय में तीन पद	

आवश्यक निर्देशः—

1. उक्त वाक् इन इन्टरव्यू में सम्मिलित होने के लिए राज्य के प्रारम्भिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत कार्मिक ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। कार्मिकों को उक्त पदों पर पदस्थापन हेतु कोई प्रतिनियुक्ति भत्ता देय नहीं होगा।
2. प्रधानाचार्य पद हेतु कोई भी अभ्यर्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकता है।
3. वरिष्ठ अध्यापक, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक एवं वरिष्ठ सहायक पदों हेतु संबंधित संयुक्त निदेशक कार्यालय के अधीन कार्यरत अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं।
4. अध्यापक (लेवल—2/लेवल—1), पुस्तकालयाध्यक्ष, प्रयोगशाला सहायक, कनिष्ठ सहायक एवं सहायक कर्मचारी पदों के लिए सम्बन्धित जिले में कार्यरत अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं।
5. उक्त पदों हेतु पूर्ण विभक्त समय सारणी अलग से घोषित की जाएगी। इन पूर्ण विभक्त समय सारणियों की घोषणा प्रधानाचार्य हेतु निदेशालय स्तर से, वरिष्ठ अध्यापक व वरिष्ठ शाारीरिक शिक्षक पद हेतु संबंधित सम्भागीय संयुक्त निदेशक स्तर से तथा अन्य पदों हेतु संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पृथक से जारी की जाएगी।
6. महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) एवं राजकीय (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालयों हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को वाक् इन इन्टरव्यू हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता/अतिरिक्त अवकाश देय नहीं होगा।
7. आवेदन पत्र तथा नव स्थापित किये जाने वाले महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों की नामवार सूची एवं अन्य निर्देश विभागीय वेबसाईट **https://education.rajasthan.gov.in/secondary** पर उपलब्ध है।

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान,बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते